Amarujala

State govt decided to give jobs to 30,000 People in Uttarakhand

प्रदेश सरकार ने इस साल 30 हजार लोगों को नौकरी देने का लक्ष्य रखा है। मुख्यमंत्री हरीश रावत ने बताया कि स्टार्ट अप के तहत युवाओं को रोजगार परक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अब आंगनबाड़ी में बच्चों को दूध और अंडा भी दिया जाएगा। एससी, एसटी और पिछड़ा वर्ग की दसवीं कक्षा पास महिलाओं को सरकार चूल्हा देगी। फिलहाल 22 हजार महिलाओं को चूल्हा देने का लक्ष्य रखा गया है।

राज्य सरकार ने स्टार्ट अप के तहत चार कार्यक्रम शुरू किए हैं। युवाओं को निस्बड के माध्यम से व्यवसायिक प्रशिक्षण देकर रोजगार दिया जा रहा है। इसके तहत 50 हजार युवाओं को रोजगार से जोड़ने का लक्ष्य राज्य सरकार ने निर्धारित किया है। मुख्यमंत्री रावत ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के जन्म दिवस की पूर्व संध्या पर न्यू कैन्ट रोड स्थित आवास पर ये विचार व्यक्त किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार कन्या जन्म पर निर्धन परिवारों को 5000 रुपये देती है। बालिकाओं की शिक्षा के लिए गौरादेवी, लड़कियों के विवाह के लिए नंदा देवी योजना से निर्धन वर्ग को आर्थिक सहायता दी जा रही है।